**विधान परिषद के तृतीय सत्र-2024 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये <u>अतारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर</u>**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 19 (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-भूईपारा, तहसील-मेजा, जनपद-प्रयागराज में कितने व्यक्तियों को समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत पेंशन प्राप्त हो रही है और कितने ऐसे पात्र व्यक्ति है, जिन्हे पेंशन नहीं प्राप्त हो रही है? | ग्राम-भूईपारा, तहसील-मेजा, जनपद- प्रयागराज में 116 वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही है। उक्त के अतिरिक्त 30 ऐसे पात्र वृद्धजन हैं, जिन्हें पेंशन की सुविधा वर्तमान में प्राप्त नहीं हो रही है। उक्त पात्र 30 वृद्धजनों द्वारा के0वाई0सी0 एवं आधार सीडिंग का कार्य कराये जाने के उपरान्त पेंशन की सुविधा प्रदान की जायेगी। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखतें हुए उक्त ग्रामसभा के पात्र व्यक्तियों को पेंशन का भुगतान करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**असीम अरूण**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

QA-VP-AM